# LUCKNOW UP: तकनीकी व्याख्यान- टेक्नोक्रेट्स की रिटायरमेंट प्लानिंग एलआईसी के साथ

July 19, 2025 News Desk




Post Views: 12

**धारा लक्ष्य समाचार पत्र**

लखनऊ। इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया), उत्तर प्रदेश स्टेट सेंटर, लखनऊ द्वारा “टेक्नोक्रेट्स की रिटायरमेंट प्लानिंग एलआईसी के साथ” विषय पर एक तकनीकी व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे। एस.के. शुक्ला, सीनियर डिविजनल मैनेजर,तथा मुख्यवक्ता अक्षत श्रीवास्तव, डिप्टी मैनेजर (CLIA), एलआईसी ऑफ इंडिया, डिविजनल ऑफिस, लखनऊ, ने एलआईसी की पेंशन योजनाओं की मुख्य विशेषताओं पर प्रकाश डाला।

उन्होंने बताया कि यह पेंशन योजनाएँ व्यक्तिगत रूप से डिजाइन की गई है. जो इमीडिएट एन्यूटी और डिफर्ड एन्यूटी विकल्प प्रदान करती हैं। इसमें केवल एकमुश्त प्रीमियम देना होता है, और यह 25 से 100 वर्ष तक के सभी व्यक्तियों के लिए उपलब्ध है, चाहे वह इंजीनियर, टेक्नोक्रेट या किसी भी अन्य क्षेत्र से संबंधित हों। इन योजनाओं की एक खास विशेषता यह भी है कि प्रमुख पॉलिसीधारक के निधन के बाद सह लाभार्थी को पेंशन की निरंतरता प्रदान की जाती है। इसके अतिरिक्त, एलआईसी के यूनिट लिंक्ड इंश्योरेंस प्लान्स (LIPs) की भी जानकारी दी गई, जो बेहतर रिटर्न और कर-मुक्त लाभ प्रदान करते हैं।

कार्यक्रम की शुरुआत इंजी. प्रो. (डॉ.) भरत राज सिंह, तत्कालीन पूर्व अध्यक्ष एवं आईई आई काउंसिल सदस्य के स्वागत भाषण और प्रेरणादायक विचारों से हुई। सत्र का संचालन एवं संयोजन इंजी. जे. बी. सिंह, एफ आईईई सदस्य द्वारा किया गया, जिन्होंने मुख्य वक्ता का परिचय भी दिया।

इस अवसर पर कई गणमान्य अभियंताओं एवं परिषद सदस्यों की उपस्थिति रही, जिनमें शामिल थे इंजी. जी.एम. पांडेय, एफ आईईई, इंजी. जमाल नुसरत एफआईईई सदस्य, इजी. गुप्ता आदि I कार्यक्रम का समापन इंजी. विजय प्रताप सिंह, मानद सचिव, के आभार व्यक्त करने के साथ हुआ।